### स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा में कलेक्टर ने दी सख्त हिदायत

# मातृ एवं शिशु मृत्यु पर जिम्मेदार कर्मियों पर सख्त कार्यवाही करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



कलेक्टंर दिलीप कुमार यादव ने जिले के मातृ मृत्यु और शिशु मृत्यु दर में कमी लाने मैदानी स्तर पर स्वास्थ्य और महिला एवं बाल विकास को आपसी समन्वय से योजनाबद्ध स्वरूप में कार्य करने की हिदायत दी है। कलेक्टर श्री यादव ने स्वास्थ्य और महिला बाल विकास के कार्यों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को तदाशय के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।

कलेक्टर श्री यादव ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि सर्पदंश से पीड़ित व्यक्ति के उपचार में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। पर्याप्त मात्रा में एंटी वेनम इंजेक्शन की उपलब्धगता सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि सर्पदंश पीड़ित के उपचार में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों की जवाबदेही तय होगी और अनुशासनात्मेक कार्यवाही की जायेगी। कलेक्टंर ने सर्पदंश एवं एमडीआर व आईएमआर का सुपरवीजन करने के लिए संयुक्त कलेक्टर संस्कृति लिटोरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी बनाया है। उन्होंने कहा कि यह भी सुनिश्चित हो कि सर्पदंश पीड़ित को कम से कम समय में (गोल्डन आवर) ही पहुंचाने की व्यावस्था हो ताकि उसके जीवन की रक्षा की जा सके। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में 24 घंटे कर्मचारियों की मौजूदगी रहने और एएनएम स्टाफ नर्स फील्ड के कर्मचारियों को सर्पदंश पीड़ित के उपचार का व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने कलेक्टर ने निर्देशित किया।

आयुष्मान कार्ड की समीक्षा के दौरान इसकी धीमी प्रगति पर नाराजगी व्याक्त करते हुए कलेक्टर ने ताकीद किया कि प्रतिदिन योजनाबद्ध तरीके से कैंप लगाकर अधिक से अधिक संख्याी में कार्ड बनाये जाए और प्रतिदिन का प्रतिवेदन सीईओ जिला पंचायत के समक्ष प्रस्तुेत किया जाय। उन्होंने इस कार्य में लापरवाही और सुस्ती बरतने वाले कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाई रिस्क महिलाओं से गृह भेंट कर स्वास्थ्य परीक्षण कर उनके समुचित उपचार की व्यावस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गर्भवती माताओं के संस्थारगत प्रसव और नियमित जांच सहित बच्चों् के शत-प्रतिशत टीकाकरण कार्य में व्यक्तिगत रूचि लेने की नसीहत दी। कलेक्टर श्री यादव ने जुलाई माह से प्रारंभ होने वाले दस्त क अभियान के दौरान 0 से 5 वर्ष के बच्चों को स्वास्थ्य सुविधायें मुहैया कराने की विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रभावी अमल के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री यादव ने दो-टूक लहजे में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राज सिंह को निर्देशित किया कि मातृ मृत्यु एवं शिशु मृत्युं की, की गई ऑडिट के आधार पर इसके लिए जिम्मेरदार स्वास्थ्य कर्मी के विरूद्ध अनुशासनात्म्क कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने जिले के पोषण पुनर्वास केन्द्र के फुल बेड ऑक्यूीपेंसी रखने के लिए महिला एवं बाल विकास एवं स्वास्थ्य विभाग को मिलकर कार्य करने की की हिदायत दी। साथ ही यहां भर्ती बच्चों के पोषण स्तार में सुधार हेतु फॉलो-अप प्रोफाइल बनाकर निगरानी के निर्देश दिये गए।

कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और लाड़ली लक्ष्मी योजना के लक्ष्य के मामले में लचर प्रदर्शन वाले महिला एवं बाल विकास विभाग के सुपरवाईजर के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंनि आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चोंई की उपस्थिति बढ़ाने तथा उन्हें प्रतिदिन के तय मीनू के मुताबिक ताजा पका भोजन देने की भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सीएम डैश बोर्ड की भी समीक्षा की। बैठक में सिविल सर्जन डॉ. यशवंत वर्मा, सभी विकासखंड चिकित्साप अधिकारी, महिला बाल विकास की जिला कार्यक्रम अधिकारी और परियोजना अधिकारियों की उपस्थिति रही।

## कानून व्यवस्था बनाये रखने अधिकारियों की लगी ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर जिले में मोहर्रम पर्व के कार्यकम को दृष्टिगत रखते हुए जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। सम्पूर्ण कानून एवं शांति व्यवस्था का दायित्वा प्रदीप मिश्रा अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी को सौंपा गया है। इनके सह प्रभारी बी. के. मिश्रा तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर) होंगे।

इसी प्रकार शहर में निकलने वाले जुलूस कार्यकमों में उपस्थित रहकर कानून एवं शांति व्यवस्था की जिम्मेकदारी राकेश अहिरवार अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू-अभिलेख कार्यालय कटनी, अजीत तिवारी तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (ग्रामीण) एवं आकाशदीप नामदेव, अतिरिक्ति तहसीलदार कटनी एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को दी गई है। वहीं कार्यकम अनुसार कब्रिस्तान, करबला, मस्जिदो इत्यादि में प्रमुख कार्यकम होने पर कानून एवं शांति व्यवस्था हेतु अतुलेश सिंह नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तहसील कटनी (नगर), रामटेके हर्षवर्धन सहायक अधीक्षक एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट भू अभिलेख कार्यालय कटनी, गौरव पाण्डेय तहसीलदार एवं कार्यपालिक मजिस्ट्रेट नजूल कार्यालय कटनी की ड्यूटी लगाई गई है।

इस कार्यक्रम के दौरान सम्पूर्ण व्यवस्था के प्रभारी श्री प्रदीप कुमार मिश्रा, अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी होंगे एवं आवश्यकता पड़ने पर अन्य कर्मचारियों की ड्यूटी सहयोग हेतु पृथक से आदेश जारी कर लगायेगें। श्री मिश्रा को समय-समय पर शांति व्यवस्था की स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के प्रभारी नगर पुलिस अधीक्षक कटनी रहेगी। समस्त कार्यपालिक मजिस्टेट एवं अधिकारीगण सौंपे गये कार्यों को समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण संपादित करेगें।

कटनी जिला क्षेत्रान्तर्गत समस्त अनुविभागीय अधिकारी एवं अनुभाग दण्डाधिकारी अपने अनुभाग क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम की कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु पृथक से कार्यपालिक दण्डाधिकारी की डियूटी लगाना सुनिश्चित करेंगे तथा कानून एवं शांति व्यवस्था की सतत निगरानी करना सुनिश्चित करेंगे।

### खबर संक्षेप



#### पानी के बहाव से पुल के ऊपर का उखड़ा डामर

**उमरियापान।** उमरियापान ढीमरखेड़ा मार्ग में गर्राघाट पुल के ऊपर का डामर पानी के बहाव में उखड़कर बह गया है। नीचे का लोहा और गिट्टियां बाहर निकल आई है। यहाँ पुल के नीचे से पानी बहने पर हिलकोरे ऊपर तक आती है। पुल ऊपर पानी होने पर कभी भी हादसा हो सकता है। जिम्मेदारों ने अब तक कोई सुध नहीं लिया है।पुल से आवाजाही कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे हैं।अगर समय रहते पुल पर सुधार कार्य नहीं कराया गया है तो कभी भी अनहोनी हो सकती है।पुल के ऊपर पानी बहने से सड़क का गढ्ढा दिखाई नहीं देता है, ऐसे में आवाजाही करने वालों को तकलीफ हो रही है।

#### जिले में अब तक 276.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**कटनी।** जिले में इस वर्ष रविवार 1 जून से शनिवार 5 जुलाई तक कुल 276.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा इस साल स्लीमनाबाद तहसील में दर्ज की गई है, जहां अब तक 411.2 मिलीमीटर वर्षा हुई है। जिले में इसी अवधि में बीते वर्ष कुल 108.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस प्रकार इस साल अब तक पिछले वर्ष की तुलना में 154.3 प्रतिशत अधिक औसत वर्षा हो चुकी है। अधीक्षक भू-अभिलेख डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि जिले में आलोच्य अवधि तक कटनी तहसील में 220.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जबकि तहसील रीठी में 313.8 मिलीमीटर, बड़वारा तहसील में 267 मिलीमीटर, बरही तहसील में 203 मिलीमीटर और विजयराघवगढ़ तहसील में 267.1 मिलीमीटर, बहोरीबंद तहसील में कुल 199.1 मिलीमीटर एवं स्लीमनाबाद तहसील में 411.2 मिलीमीटर तथा ढीमरखेड़ा तहसील में 329.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है।

#### जहरीले पदार्थ के सेवन से युवक की मौत

**सिलौंडी।** सिलौंडी चौकी के नेगाई गांव निवासी बेड़ी लाल साहू पिता मगन लाल साहू ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। बताया जाता है कि युवक मानसिक रूप से कमजोर था। घटना की जानकारी मिलने पर चौकी प्रभारी विष्णु शंकर जायसवाल ने स्टाफ के साथ पहुंचकर पंचनामा बनाकर मामला कायम किया। शव को पोस्टमार्टम हेतु अस्पताल भिजवाया। मामले की जांच की जा रही है।

#### विधायक ने अस्पताल भवन का किया निरीक्षण

**कटनी।** जिला चिकित्सालय परिसर में लगभग 9 करोड़ की लागत से बन रहे सुपर स्पेशलिटी अस्पताल भवन का विजयराघवगढ़ विधायक संजय सत्येन्द्र पाठक ने निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के विभिन्न हिस्सों का बारिकी से निरीक्षण किया और भवन के निर्माण कार्य को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधायक पाठक ने बताया कि भवन का प्रारंभिक निर्माण लगभग पूर्ण कर लिया गया है। अब भवन की फिनिशिंग का कार्य शेष है, जिसे दो से चार माह के अंदर पूर्ण करा लिया जाएगा और फिर नवनिर्मित सर्वसुविधायुक्त अस्पताल भवन में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराकर उसे आम जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विधायक ने बताया कि भवन का ढांचा तैयार हो चुका है, अब फिनिशिंग और कनेक्टिविटी का कार्य बाकी है। नई बिल्डिंग को पुराने भवन से जोड़ने की प्रक्रिया शीघ्र शुरू होगी। इसके लिए अस्पताल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल की पुरानी बिल्डिंग को खाली कराकर वहां से नए भवन के पोर्च को जोड़ा जाएगा। इस कार्य में लगभग 4 से 5 माह का समय लगेगा। इसके बाद नए भवन में स्वास्थ्य से संबंधी सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### कन्या महाविद्यालय मे रादुविवि कुलगुरू की अध्यक्षता में हुई बैठक

## एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को हमेशा निष्पक्ष होकर निर्णय लेने चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



गर्ल्स कॉलेज कटनी के सभागार में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलगुरु डॉ. राजेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। कुलगुरु डॉ. वर्मा का स्वागत डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी और डॉ. चित्रा प्रभात ने शॉल व श्रीफल भेंट कर किया। बैठक में जिले के सभी शासकीय व अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यों, प्राध्यापकों, अतिथि विद्वानों और जनभागीदारी शिक्षकों ने भाग लिया।

डॉ. राजेश कुमार वर्मा ने व्यवस्था में सुधार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा, "जब मैं व्यवस्था का हिस्सा नहीं था, तब मैं उसे दोष देता था और उसके खिलाफ आंदोलन भी करता था। लेकिन अब, जब मैं व्यवस्था का हिस्सा हूँ, मुझे इसे सुधारने का अवसर प्राप्त हुआ है।" उन्होंने संकल्प लिया कि वे व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए कार्य करेंगे। डॉ. वर्मा ने समय के महत्व पर बल देते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा समय की पाबंदी को प्राथमिकता दी। उन्होंने प्रशासनिक गुणों का उल्लेख करते हुए कहा कि एक जिम्मेदार पद पर बैठे व्यक्ति को निष्पक्ष निर्णय लेने चाहिए। इसके साथ ही, उन्होंने नई शिक्षा नीति के अंतर्गत भारतीय ज्ञान परंपरा को बढ़ावा देने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि विश्वविद्यालय के अधीन पांच जिलों के सभी महाविद्यालयों के कर्मचारियों और विद्यार्थियों के हितों को ध्यान में रखकर कार्य किया जा रहा है।

प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, कटनी के प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेयी ने कुलगुरु डॉ. वर्मा की कार्यशैली की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि डॉ. वर्मा के नेतृत्व में न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि संभाग के सभी महाविद्यालयों में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। डॉ. वर्मा की राष्ट्रीय स्तर की विद्वता और यूजीसी में उनके अनुभव का लाभ रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय को मिल रहा है।

### उप मुख्यमंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिल बंधाया ढांढस



उप मुख्यदमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शनिवार को माधवनगर गेट के समीप के निवासी उद्योगपति अजय गेई के निधन पर उनके परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्ययक्तो की। श्री शुक्ल ने दिवंगत श्री गेई के चित्र पर पुष्पांज्जलि अर्पित की और शोकाकुल परिवार के सदस्यों से मिलकर ढांढ़स बंधाया। इस दौरान गेई परिवार के दर्शन लाल गेई, उद्योगपति मनीष गेई, शिवनलाल गेई, जिला भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, पूर्व महापौर शशांक श्रीवास्तसव, पीतांबर टोपनानी सहित अन्य गणमान्यतजन और गेई परिवार के सदस्या मौजूद रहे।



## बारिश में ढह गए कच्चे मकान

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान क्षेत्र में दूसरे दिन शनिवार को सुबह से रुक रुक कर बारिश हुई। बारिश के चलते उन ग्रामीणों को ज्यादा दिक्कत हुई, जिनके घरों में बीते दिवस पानी भर गया था।नदियां उफान पर रही। उमरियापान-ढीमरखेड़ा मार्ग पर बेलकुण्ड नदी का पानी गर्राघाट पुल के ऊपर होने से आवागमन बाधित रहा। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने पुल के ऊपर पानी होने पर ग्रामीणों से पुल पार नहीं करने की समझाईश दिया। बावजूद कुछ लोग जान जोखिम में डालकर पुल पार किया। हालांकि कुछ देर बारिश थमने का बाद आवागमन शुरू हो गया।बारिश के पानी से लोगों के मकान गिरकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। लेकिन प्रशासन द्वारा नुकसान का अब तक कोई सर्वे नहीं कराया गया।

### चिंतनशील शिक्षक, खोजी बच्चे और जागरूक पालक पूरी करेंगे नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की अपेक्षायें

## छात्रों को समस्याओं का हल स्व्यं खोजने के लिए करें प्रेरित, शिक्षकों को दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



जिले के सभी छः विकासखंडों में राज्य शिक्षा केन्द्र के निर्देशानुसार कक्षा 6 में एनसीईआरटी द्वारा लागू गणित, विज्ञान एवं सामाजिक विज्ञान विषयों की पाठ्य पुस्तकों से प्रभावी शिक्षण करने हेतु कलेक्टर श्री दिलीप कुमार यादव के निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में शिक्षकों का प्रशिक्षण चल रहा है।

जनपद शिक्षा केन्द्र बड़वारा में संचालित प्रशिक्षण मेंडाइट के वरिष्ठ व्याख्याता राजेन्द्र असाटी एवं व्याख्याता उमाशंकर सैनी द्वारा शिक्षकों से नवीन पुस्तक के माध्यम से नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 एवं एनसीएफ 2023 की मुख्य अपेक्षाओं को पूरा करने हेतु सीखने-सिखाने के प्रभावी तरीकों पर बिंदुवार चर्चा की गई। प्रशिक्षण में शिक्षकों को छात्रों द्वारा स्वयं समस्याओं के हल खोजने हेतु प्रेरित करने एवं स्वयं फैसिलिटेटर की भूमिका में रहने हेतु विभिन्न उदाहरण के माध्यम से सुझाव दिए गए।

शिक्षण योजना के विभिन्न सोपानों जैसे पूर्व ज्ञान, रोचक शुरुआत, शिक्षक एवं छात्र गतिविधि, समझ की जांच हेतु प्रश्न, कक्षा में व्यक्तिगत एवं समूह अभ्यास कार्य, गृहकार्य एवं प्रत्येक दिवस पुनरावलोकन पर आपसी संवाद किया गया। इसके पश्चात एकीकृत शासकीय माध्यमिक शाला पहरुआ एवं शासकीय माध्यमिक शाला भजिया में छात्रों से मिलकर उनका आकलन किया गया। पहरुआ में सभी शिक्षकों की बैठक लेकर 15 लक्ष्यों की पूर्ति हेतु किए गए प्रयासों की बिंदुवार समीक्षा की गई। शाला प्रभारी एवं शिक्षकों को समय विभाग चक्र पुनः बनाने एवं प्रभावी पुस्तकालय संचालन हेतु पुस्तकालय को अलग कक्ष में स्थापित करने एवं छात्रों की दिनचर्या व्यवस्थित करने के निर्देश दिए। कक्षा 5 के छात्रों का स्तर बेहतर पाए जाने पर शिक्षिका संगीता प्रजापति की सराहना की गई। माध्यमिक शाला भजिया में कक्षा 8 के छात्रों का रेखीय समीकरण की अवधारणा पर आकलन किया गया। जिसमें छात्राओं का प्रदर्शन बेहतर पाया गया। विद्यालय के प्रभारी पंकज राय को तुरंत शिक्षकों के सहयोग से समय विभाग चक्र बनाने एवं बच्चों के पुस्तकालय लेन-देन कार्ड बनाने हेतु निर्देशित किया गया। गणित विषय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ को पहाड़े रटवाने की जगह बच्चों को पहाड़े बनाने की समझ विकसित करने के प्रयास हेतु आग्रह किया गया ताकि वे किसी भी संख्या के पहाड़े बनाने का गणितीय आत्मविश्वास प्राप्त कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान सभी शिक्षकों की बैठक करके हिंदी एवं अंग्रेजी भाषा में प्रभावी संवाद करने हेतु मोबाईल की प्रभावी भूमिका का प्रदर्शन किया गया। सभी स्कूलों द्वारा किए जाने वाले प्रयासों एवं सुधारों की पंद्रह दिवस पश्चात जनशिक्षकों द्वारा समीक्षा कर प्रतिवेदन डाइट कटनी को प्रेषित किया जायेगा। सराहनीय कार्य करने वाली शिक्षिका को डाइट स्तर से प्रशंसा पत्र भी जारी किया जा रहा है ताकि अच्छा अकादमिक कार्य करने वाले शिक्षक अपने कार्यों को निरन्तर साझा करते हुए एक दूसरे को प्रेरित करें।

### एक वर्ष की अवधि के लिए देंगे सेवाएं, जारी हुए आदेश

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 4 डॉक्टरों की पोस्टिंग से मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ स्लीमनाबाद




सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को या तो लंबी दूरी तय करनी पड़ती है या फिर निजी अस्पतालों में महंगा इलाज कराना पड़ता है। गरीब तबका तो झोलाछाप से ही इलाज कराने पर विवश होते हैं। स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सालों से डाक्टरों के पदस्थापना की चली आ रही मांग पूरी हो गई। अब मरीजों को इलाज कराने भटकना नहीं पड़ेगा उन्हें समुचित उपचार मिलेगा क्योंकि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद को चार डॉक्टर की पदस्थापना होने के आदेश स्वास्थ्य विभाग ने दिए है। डॉक्टरों की पोस्टिंग विधायक प्रणय पांडेय के प्रयासों से मिली है जिस कारण जो स्वास्थ्य विभाग की जो व्यवस्था बेपटरी थी वह पटरी पर लौटेगी।

ये डाक्टर देंगे अपनी सेवाएं

स्वास्थ्य विभाग ने डॉ प्रियंका तिवारी, डॉ अनामिका, डॉ पुष्पेंद्र कुमार रैतवार व डॉ सैफाली उइके को बांडेड चिकित्सक के रूप मे स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे सेवाएं देने के संबंध मे आदेश दिए है। ये बांडेड डॉक्टर एक वर्ष की अवधि के लिए सेवाएं ग्रामीण अंचल मे देंगे।

#### तहसील में हैं 81 गांव

गौरतलब है कि सरकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का उन्नयन कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तो कर दिया गया लेकिन क्षेत्र के लोगों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैसी सुविधाये नही मिल रही थी। सुविधाओं के अभाव मे मरीजों को समुचित उपचार नही मिल पा रहा था।जिससे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद शोभा की सुपारी बना हुआ था। 17 माह पहले 28 जनवरी 2024 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्लीमनाबाद का लोकार्पण सांसद वी डी शर्मा ने किया था। स्लीमनाबाद तहसील अंतर्गत 81 गांव है लेकिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों की कमी से 81 गाँवो के ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ नही मिल रहा था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं एक ही डॉक्टर है जिससे उनका अधिकांश समय बैठकों, सरकारी जानकारियां भेजने और अन्य दूसरे कामों में चला जाता था। जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं गंभीर रूप से प्रभावित थी। जिस कारण मरीजों का इलाज झोलाछाप डॉक्टरो के भरोसे होता था! जानकारी के बाद भी अधिकारी और प्रशासन मूक दर्शक बना हुआ था।

क्षेत्रीय नागरिकों व जनप्रतिनिधियों ने विधायक प्रणय पांडेय से डॉक्टरों की पदस्थापना के लिए कई बार मांग की गई। विधायक प्रणय पांडेय ने स्लीमनाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे डॉक्टरों की पदस्थापना को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से भेंटकर मांग की जिसके फलस्वरूप डॉक्टरों की पदस्थापना संबंधी आदेश हुए।



## जान जोखिम में डालकर बेलकुंड नदी की तेज धार में कूद रहे युवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ उमरियापान

उमरियापान ढीमरखेड़ा क्षेत्र में बारिश से नदियों का जलस्तर बढ़ा हुआ है।पानी का बहाव में भी तेजी बरकरार है।बावजूद लोग असावधानी व लापरवाही से बाज नहीं आ रहे है। उमरियापान ढीमरखेड़ा मार्ग के बीच गर्राघाट पुल के ऊपर आवागमन में जहां लोग जान जोखिम में रख रहे हैं। वहीं कुछ स्थानीय युवा पुल से नदी में कूद तैरकर दूसरी तरफ जा रहे है। अक्सर कई बार नदी में स्टंट और कलाबाजी के दौरान हादसे में लोगों की जान तक चली जाती है।इसके बावजूद स्थानीय युवाओं द्वारा लापरवाही बरती जा रही हैं। विशेषकर आधा दर्जन स्थानीय युवा बेलकुण्ड नदी में एक साथ पुल से कूदकर पानी की तेज धारा में स्नान कर रहे है तथा धमाचौकड़ी मचाते नजर आ रहे हैं। पुल से धारा में कूदना तथा दूर तक डूबकी लगाने का आनंद ले रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पौधारोपण कर मनाई जन्मदिन की खुशियाँ

**कटनी।** मानव जीवन विकास समिति के सचिव व पर्यावरण विद निर्भय सिंह अपने कार्यकर्त्ता टीम के साथ मनाये अपना 61वें जन्मदिन के अवसर पर पेड़ लगाकर मनाई खुशियाँ। श्री सिंह ने अपने सन्देश में बताया की जीवन के लिए पेड़ो का बहुत ही महत्व है और आप सभी जिन लोगों तक मेरा सन्देश पहुंचे वे सभी लोग भी अपने जन्मदिन व अन्य उत्सव पर जरूर एक पेड़ लगाए। हम समिति के प्रयासों से प्रत्येक वर्ष हजारो पेड़ लगाते है और संरक्षित भी करते है। अभी इस वर्ष भी एक लाख पौधे लगाने की योजना है जिसे हम चिन्हित जगहों पर वृक्षारोपण कराना शुरू कर दिया है।

### झूलेलाल चालीहा महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से

**कटनी।** भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव का आयोजन 8 जुलाई से 17 अगस्त सिंधी सेंट्रल पंचायत के सानिध्य में मनाया जाएगा। इस 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव का भव्य शुभारंभ 8 जुलाई को सुबह 10 गणमान्य नागरिको तथा श्रृद्धालुओ की उपस्थिति में पं.दिनेश शर्मा व मंदिर के पुजारी जुगल किशोर पांडेय द्वारा पुज्य बहराणे साहिब की पूजा व भगवान झूलेलाल कि अखण्ड ज्योति पृज्वलित के साथ व्रतधारियों के संकल्प बंधन से 40 दिवसीय चालिहा महोत्सव के वृतो की शुरुआत होगी। संजय खूबचंदानी ने यह भी बताया कि दसवी शताब्दी में सिंध प्रांत में मिर्ख बादशाह के अत्याचारो से निजात पाने के लिये हिन्दू लोगों ने, 40 दिनों तक सिंधु नदी के तट पर जल देवता की स्तुति की थी तभी से भगवान झूलेलाल चालिहा महोत्सव मनाया जाता है इस अवसर पर श्री झूलेलाल मंदिर गुरुनानक वार्ड में रोज़ाना विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा जिसमे सुबह 8:30 बजे व सायकाल 8 -9 बजे तक गीत-संगीत, पल्लव ,प्रथना, पूजा-अर्चना व प्रसाद वितरण इत्यादि आयोजन होंगे, इस अवसर पर समिति द्वारा इस भव्य 40. दिवसीय भगवान श्री झूलेलाल चालिहा महोत्सव के समस्त आयोजन में उपस्थिति प्रदान करने की अपील की हैं।

### पर्यावरण सरंक्षण व संवर्धन का दिलाया गया संकल्प



**स्लीमनाबाद।** एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शनिवार को स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय स्लीमनाबाद मे पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पौधरोपण कार्यक्रम के तहत प्राचार्या डॉ सरिता पांडेय ने छात्र -छात्राओं को जागरूक करते हुए कहा कि वर्तमान मैं बढ़ते प्रकृति दोहन के कारण ग्लोबल वार्मिंग की समस्या उतपन्न हो रही है।जिससे वर्षा भी पर्याप्त नही हो पा रही है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी क्योंकि पेड़_पौधो का जीवन मैं महत्व बहुत बड़ा है। पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन होने से वर्षा भी सही होगी। छात्र_छात्राओ ने पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। छात्र -छात्राओं ने कहा कि हम अपने परिवार अपने मित्रों एवं क्षेत्र के लोगों को पर्यावरण सुरक्षा के लिये प्रेरित करेंगे ओर पर्यावरण को आगे संभालेंगे। इसके अलावा महाविद्यालय परिसर मे भी पौधेरोपण किया। इस दौरान प्रभात सिंह,डॉ प्रीत नेगी, डॉ प्रीति यादव,डॉ शैलेन्द्र जाट, डॉ भारती यादव, डॉ अशोक पटेल सहित छात्र -छात्राओं की उपस्थिति रही।

### 60 लीटर शराब जब्त

**कटनी।** एनकेजे पुलिस ने दुर्गा चौक खिरहनी निवासी राकेश निषाद के पास से 60 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई है।

---

### ढीमरखेड़ा उमरियापान में आधा दर्जन नदियों के उफान पर आने से सुरक्षित स्थानों की ओर रूख कर रहे लोग

# झमाझम बारिश से बढ़ा नदियों का जलस्तर, गांवों से संपर्क बाधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान





आसमान में छाए काले बादल और हो रही तेज बारिश से उमरियापान ढीमरखेड़ा क्षेत्र में हालत बिगड़ने लगे हैं। शुक्रवार की रात एवं शनिवार की दोपहर तक हुई बारिश के चलते नदियां नाले का लगातार जलस्तर बढ़ रहा है। क्षेत्र में बहने वाली बेलकुण्ड, मौरी, दतला, हिरण, लभेर और सुआ नदी का जलस्तर बढ़ने से पुलों के ऊपर पानी आ गया जिससे आवागमन बाधित रहा। ग्रामीण घरों में कैद रहे। बारिश से बिजली समस्या भी बनी रही। सिलौंड़ी क्षेत्र में बारिश से ज्यादा समस्या उन लोगों को हुई, जिन लोंगों के घरों में पानी घुस गया।

जलस्तर बढ़ने और पुलों के ऊपर पानी बहने की जानकारी लगते ही सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी ने पुलिस बल के साथ पहुँचकर मार्ग को बेरिकेड्स कराया। पुलों के नीचे पानी होने के बाद ही आवाजाही करने की समझाइश ग्रामीणों को दिया। उमरियापान क्षेत्र में बेलकुण्ड नदी का जलस्तर बढ़ने से दोपहर करीब डेढ़ बजे गर्राघाट पुल के ऊपर पानी आ गया। उमरियापान-ढीमरखेड़ा मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया। पुल के दोंनो तरफ वाहनों की कतारें लग गई। दो पहिया वाहन चालक तो अन्यत्र मार्गों से सफर किया, लेकिन चार पहिया और बड़े वाहनों के लिए समस्या बन गई।दिनभर हुई बारिश से उमरियापान से घुघरी,घुघरा और कछारगांव छोटा की स्थिति भी यही रही। तीनों पुलों के ऊपर भी बेलकुण्ड नदी का पानी आने से ग्रामीणों को परेशान होना पड़ा। ग्रामीणों का एक दूसरे गांवों का सम्पूर्ण पूरी तरह से टूट गया। बीते साल हुए बारिश से प्रभावित गांव होने के कारण इन गांवों के लोग दहशत में रहें। ग्रामीणों में फिर से बाढ़ आने की संभावना है, इसके चलते कई लोगों ने गांव छोड़कर अन्य गांवों में किराए से रहने लगे हैं।ढीमरखेड़ा क्षेत्र में मौरी नदी का जलस्तर भी बढ़ता रहा। कौभी नाला का पानी पुल के ऊपर आने से ढीमरखेड़ा से दशरमन जाने का मार्ग प्रभावित हुआ। पुलिस ने मार्ग में बेरिकेड्स किया। बारिश के चलते ग्रामीणों को आवागमन करने से रोका।

सुआ नदी का जलस्तर बढ़ा तो सिलौंड़ी के भारत नगर और इंदिरा आवास कॉलोनी में पानी आ पहुँचा।यहाँ रहने वाले करीब दो दर्जनों लोगों के घरों के भीतर बारिश का पानी घुस गया। ग्रामीणों में हाहाकार मच गया।लोगों के घरों के भीतर रखी गृहस्थी खराब हो गई। जितना बना लोग अपनी गृहस्थी को बचाने में जुटे रहे। नदी का पानी कम होने के बाद लोगों ने घरों में भरे पानी को बाहर निकाला। सुआ नदी में पानी आने से सिलौंड़ी नेगई मार्ग प्रभावित हुआ। लभेर नदी में पानी पुलों के ऊपर होने से सिलौंडी से कुंडम और बघराजी मार्ग का आवागमन बाधित रहा। वहीं दतला नदी का पानी सड़क के ऊपर होने से सिलौंड़ी से दशरमन मार्ग का आवागमन भी रुका रहा। गांव में कचरे मकानों की मिट्टी, बांस और खपरैल भी गिरे। लभेर नदी का पानी बढ़ने से कछारगांव बड़ा में कुम्हार मोहल्ला, डबरी मोहल्ला और चंडी घाट में रहने वाले करीब डेढ़ दर्जन लोगों के घरों में भी पानी



घुस गया। ग्रामीणों की गृहस्थी खराब होने से आर्थिक नुकसान पहुंचा है। यहाँ ग्राम पंचायत भवन पांच फिट तक डूबा रहा। स्कूल परिसर में भी पानी भर गया।

---

### अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता सेमिनार का हुआ आयोजन

# सहकारी समिति कर्मचारियों ने 4 सूत्रीय मांगों को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा

शनिवार को बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्या बड़वारा में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025-26 एवं सहकार से समृद्धि के अन्तर्गत अंतरराष्ट्रीय सहकारिता सेमिनार कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें अधिक संख्या में क्षेत्र के किसान भाईयों ने हिस्सा लिया, एवं सहकारिता विभाग, बहुउद्देश्यीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति बड़वारा के कर्मचारियों की उपस्थित सराहनीय रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, राजयश वर्धन कुरील सहायक आयुक्त सहकारिता, चन्द्रशेखर पटले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या जबलपुर उपस्थित रहे है, विजय कुमार मिश्रा अंकेक्षण अधिकारी द्वारा कार्यक्रम का संयुक्त संचालन करते हुये उपस्थित जन समूह को सहकारिता के बारे में बताया कि सरकार के द्वारा कैसे आगे बढ़ा जा सकता है।

विधायक सिंह द्वारा माँ सरस्वती के चित्र में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। राजयश वर्धन कुरील सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा विधायक का स्वागत किया। सहकारिता सेमीनार में बहुउद्वेश्यीय सहकारी समिति बड़वारा के कर्मचारियों की ओर से 04 मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य रूप से बड़वारा समिति में नवीन खाद गोदाम, किसान शेड, जनऔशधि केन्द्र संचालन के लिये अतिरिक्त कक्ष एवं कर्मचारियों की कमी दूर करने नवीन पदस्थापना शामिल है।

कार्यक्रम का संचालन सहकारिता विभाग के जिला अंकेक्षण अधिकारी विजय मिश्रा ने किया। आयोजन में सहकारी समिति बड़वारा के अलावा विलायतकलां, अमाड़ी, बसाड़ी, नन्हवारा सेझा एवं कौड़यि समिति के किसान, कर्मचारी और आमजनों की बड़ी संख्या में उपस्थिती रही। सहकारिता कार्यशाला में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, सहायक आयुक्त सहकारिता राजयशवर्धन कुरील, जिला सहकारी बैंक जबलपुर के महाप्रबंधक चन्द्रशेखर पटले, शाखा प्रवन्धक बड़वारा पंकज त्रिपाठी, समिति बड़वारा के प्रशासक शैलेश सिंह, समिति प्रवन्धक बड़वारा देवानन्द सिंह रघुवंशी, विनय कुमार गौतम,राकेश बैरागी, शिवकुमार पांडे, अरुण कुमार तिवारी, निरंजन सिंह, आशीष बैरागी, अजीत दुबे, वरिष्ठ सहकारी निरीक्षक श्रीमती ज्योति सोनी, अनीता कोल, बेबी नैना मेहरा, गीतेश मेहरा, आयुश गुप्ता शाखा प्रबंधक पंकज त्रिपाठी, समिति प्रबंधक विलायतकलां राहुल तिवारी सहित अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति रही।

विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने शासन के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम एक पेड़ मां के नाम के तहत आम, अमरूद, नीबूं सहित नीम के पौधे रोपे गये।

### अपने धाम पहुंचे भगवान जगन्नाथ स्वामी, निकली रथयात्रा



सब्जी मंडी स्थित राम जानकी मंदिर से भगवान जगन्नाथ स्वामी की वापसी रथयात्रा धूमधाम से निकाली गई। भगवान जगन्नाथ महाप्रभु भाई बलभद्र के साथ सुसज्जित रथ पर सवार होकर शहर के मुख्य मागों से होते हुए पुराना कमानिया गेट, दक्षिण मुखी हनुमान जी मंदिर, सुभाष चौक, झंडा बाजार, लक्ष्मीनारायण मंदिर, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए जगन्नाथ चौक पहुंचें। महाप्रभु की भक्तों द्वारा महाआरती की गयी। जगन्नाथ चौक स्थित मंदिर में भगवान को गर्भ गृह में विराजमान किया गया। वापसी रथ यात्रा पर महाप्रभु की वापसी रथ यात्रा मार्ग को नगरवासियों द्वारा फूलों व आधुनिक साज सज्जा से सजाया गया। रथ यात्रा मार्ग में जगह-जगह भगवान का आरती वंदन पूजन कर स्वागत किए गए।

---

# मवेशियों को पकड़ने के आदेश का पालन नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



मुख्य मार्गों में आए दिन हादसों एवं आवागमन बाधित होने के बाद भी बेसहारा मवेशियों को पकड़ा नहीं जा रहा है। जिम्मेदारों की उदासीनता एवं बेपरवाही का आलम यह है कि कलेक्टर के आदेश पर भी अमल नहीं किया जा रहा है। सड़कों में निराश्रित मवेशियों को पकड़ने के लिए कलेक्टर द्वारा प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किये गये हैं। बहोरीबंद विकासखंड मे कलेक्टर के प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन नहीं हो रहा है। जिस कारण कलेक्टर का आदेश दिखावा बनकर रह गया है।

स्लीमनाबाद से बहोरीबंद,पान उमरिया, बिलहरी, कुआँ मार्ग सहित अन्य मार्गो रपर जगह -जगह मवेशियों का जमावड़ा रहता है। वहीं राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर भी सैकड़ों निराश्रित मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा लगा रहता है जिससे राहगीरों को दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है।

गौरतलब है कि कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने सड़कों पर धूम रहे गौवंश सहित अन्य निराश्रित मवेशियों को गौशालाओं और सुरक्षित स्थानों पर रखने के आदेश जारी किए लेकिन ग्रामीण क्षेत्र में अफसर इस अभियान का औपचारिकता निभा रहे है। रात के समय वाहन चालकों द्वारा तेज रफ्तार से वाहन चलाये जाते है जिससे कि निराश्रित मवेशियों की मौत होती है। बारिश के दिनों में आवारा मवेशी कीचड़ से बचने सूखी जगह में बीच रोड पर बैठते हैं। अंधेरा होने या चालक की असावधानी से वाहन मवेशियों से टकराते है। इस वजह से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक होती है। मवेशियों की धमाचौकड़ी से किसान भी परेशान है!

इस संबंध में एसडीएम राकेश चौरसिया ने बताया कि कलेक्टर के द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का विकासखंड मै सख़्ती से पालन कराया जायेगा। सभी ग्राम पंचायते इस अभियान की जवाबदेही निभाए इसके लिए सभी ग्राम पंचायतों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जायेंगे!

---

### मुक्तिधाम में अव्यवस्थाओं के चलते ग्रामीण होते हैं परेशान

# मुक्तिधाम में शेड नहीं होने से बारिश के बीच पन्नी लगाकर करना पड़ा अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा



ढीमरखेड़ा जनपद की इमलिया ग्राम पंचायत में आज भी अंतिम संस्कार के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। शुक्रवार को गांव में एक वृद्ध महिला की मौत के बाद बारिश में अंतिम संस्कार और आग को पानी से बचाने के लिए पन्नी और छतरी का सहारा लेना पड़ा। जब तक अंतिम संस्कार नहीं हुआ तब तक बारिश में लोगों को मजबूरी में खड़े रहना पड़ा। इमलिया निवासी दुखिया बाई चौधरी 85 का निधन हो गया था। सुबह से हो रही बारिश के चलते अंतिम संस्कार करना मुश्किल हो गया। दोपहर के समय अंतिम संस्कार के लिए बारिश में ही ग्रामीण पन्नी ढांककर अर्थी निकाली। इतना ही नहीं मुक्तिधाम में शेड की व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसते पानी में पन्नी ढँककर अंतिम संस्कार करना पड़ा। वहीं कई लोगों ने हाथों में छाता लेकर बारिश से बचने का प्रयास किया,जबकि अन्य लोग तो पानी में भी भीगते रहे। इमलिया पंचायत के प्रभारी सचिव जीआरएस नरेंद्र हल्दकार ने बताया कि पहले गांव के मुक्तिधाम में शैड नहीं था। नवीन कार्यकाल में मुक्तिधाम स्वीकृति हुआ। बाउंड्रीबॉल का निर्माण कार्य हो गया। अन्य निर्माण होना बाकी है।

ढीमरखेड़ा जनपद की अधिकांश ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम में टीन शेड व अन्य व्यवस्थाएं नहीं है। बीते 20 जून को दशरमन गांव में कुंती बाई (70)का निधन हो गया था। बारिश में शव को पन्नी से ढँककर अंतिम संस्कार करना पड़ा। अब इमलिया गांव में भी ऐसी ही समस्या सामने आई है।टीन शेड का प्रबंध न होने से बारिश के दिनों शव को पन्नी, त्रिपाल से सुरक्षित करना पड़ता है। ग्रामीणों को भी छातों का सहारा लेना पड़ता है। दशरमन और इमलिया दोंनो गांवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही। जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण आज भी गांवों के मुक्तिधाम में शेड निर्माण की पहल नहीं की गई, नतीजा यह है कि ग्रामीण बरसते पानी में शव का दाह संस्कार करने को मजबूर हैं।

इस संबंध में एसडीएम निधि गोहल का कहना है कि इमलिया, दशरमन के अलावा ऐसी कितनी पंचायतें हैं, जहा मुक्तिधामों में शैड की व्यवस्था नहीं है। इसकी जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी। सभी मुक्तिधामों में शैड की व्यवस्था कराई जायेगी, ग्राम पंचायतों से इसके प्रमाण पत्र भी लिए जाएंगे।

---

### जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस पर आयोजित हुआ स्वैच्छिकता पर्व

# कार्यक्रमों में सहयोग करने वालों को प्रदान किये गए प्रशस्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





मप्र जन अभियान परिषद के स्थापना दिवस को स्वैच्छिकता पर्व के रूप में मनाते हुए सामाजिक क्षेत्र में स्वैच्छिकता से कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं, स्वैच्छिक संगठनों की जिला स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन जिला पंचायत सभा कक्ष में किया गया। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के साथ जुड़कर कार्य करने वाले स्वैच्छिक संगठनो, नवांकुर योजना अंतर्गत कार्यरत संस्थाओं, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से जुड़े छात्र-छात्राओं, परामर्शदाताओं सहित पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मप्र जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष मोहन नगर का संदेश का प्रसारण पश्चात जिला समन्वयक डॉ तेजसिंह केशवाल द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य की जानकारी के साथ मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद की संरचना ,गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी दी गई। पर्यावरणविद् एवं मानव जीवन विकास समिति के सचिव निर्भय सिंह द्वारा सामाजिक क्षेत्र में स्वैच्छिकता से कार्य करने आवश्यक तत्वों एवं गुणों पर विस्तार से जानकारी प्रदान की। शिकागो पब्लिक स्कूल के संचालक शिक्षाविद् मोहन दास नागवानी द्वारा जन अभियान परिषद की स्थापना से जुड़े विभिन्न अनुभव एवं विकास में स्वैच्छिकता की भूमिका पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा द्वारा स्वैच्छिकता की शपथ दिलाई गई एवं स्वैच्छिकता से कार्य करने के विभिन्न आयामों पर अपने अनुभव साझा किए गए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष दीपक टंडन द्वारा स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं को स्व-प्रेरणा से जागरण का मंत्र देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पांच सूत्रों का उल्लेख किया। आपके द्वारा जन भागीदारी के महत्व को समझाते हुए बताया गया कि जहां स्वच्छता व जन भागीदारी से कार्य होते हैं, उसकी गुणवत्ता व स्थायित्व अलग होता है। श्री टंडन ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वैच्छिक कार्यकर्ताओं के नाम संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम मैं जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिकता से वर्ष भर विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों में शासन के साथ सहयोग कर कार्य करने वाले कार्यकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### इलाज के लिए राशि स्वीकृत

**कटनी।** मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान मद से ग्राम बंदरी रोहनिया निवासी शिवम कुमार कुशवाहा पिता हरछटी कुशवाहा की बीमारी के उपचार हेतु 50 हजार रूपये की राशि स्वीकृत की गई है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत छपरा**
जनपद पंचायत बहोरीबंद
जिला कटनी (म.प्र)
क्रमांक/02/पंचा./2025 (दिनांक 3 जुलाई 2025)

**नीलामी सूचना**

ग्राम पंचायत छपरा बाजार की नीलामी सूचना पंचायत छपरा साप्ताहिक बाजार की नीलामी 9 जुलाई 2025 को दोपहर 12 बजे से कार्यालय ग्राम पंचायत छपरा में की जावेगी। नीलामी की सम्पूर्ण शर्तें ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकेंगी।

सरपंच ग्राम पंचायत छपरा
सचिव ग्राम पंचायत छपरा

**स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स रिसॉर्ट**
शादी, एनिवर्सरी, बर्थडे व सभी शुभ कार्यो के लिए प्राकृतिक वातावरण एवं सुंदर सनसेट व्यू के साथ उपलब्ध है।



पता: बाबा घाट के पास, जायसवाल पेट्रोल पंप के पीछे, पांडेय जी का बगिचा
संपर्क करें : 9301818276, 7489325162
स्वस्तिक गार्डन एंड फार्म्स जहाँ हर पल खास बनता है।

**खबर संक्षेप**

## 32 जातियों को राज्य से केंद्र की सूची में सम्मिलित संबधी बैठक संपन्न

**दमोह।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग एवं भारत सरकार मे केंद्रीय केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर एवं सदस्य भुवन भूषण कमल का मध्यप्रदेश की 32 जातियों को राज्य से केंद्र की सूची मे सम्मिलित करने के लिए भोपाल आगमन हुआ। उन्होंने प्रदेश के सभी जातियों के प्रतिनिधि मंडल को बुलाकर सुनवाई की। सभी प्रतिनिधि मंडल को आश्वासन दिया की जल्द ही राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा अनुमोदित कर रिपोट राष्ट्रीय आयोग को प्रस्तुत हो जायेगी और सभी जातियों को केंद्र की सूची मे सम्मिलित करने सबंधी बात कही गई। इसी अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा उनके कार्यकाल मे ये काम होने जा रहा है। सभी जाती केंद्र के लाभ से बंचित थे उनके लिए बहुत बड़ा कार्य होने जा रहा हैं। इस अवसर पर सदस्य सीताराम यादव, सदस्य मानसिंह, ऋषि यादव, पूर्वमंत्री राम खिलावन, प्रमुख सचिव ई रमेश कुमार, अपरसचिव अनुराग चौधरी, आयुक्त सौरभ सुमन, देवेश मिश्रा, रितेश मौजूद रहे।

## पुलिस थाना अमानगंज में हुआ वृक्षारोपण

**अमानगंज।** पन्ना जिले के अमानगंज पुलिस थाना मुख्यालय अमानगंज में हरियाली महोत्सव के विशेष मौके पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन स्थानीय थाना प्रभारी माधवी अग्निहोत्री द्वारा अपने सहयोगी स्टाफ के साथ किया गया।

### नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र पँहुचे कलेक्टर, सेक्टर बैठक ली, दिये निर्देश...

# स्वास्थ्य अमले की मेहनत के बदौलत मातृ-मृत्यु दर में कमी आई -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर अपने भ्रमण के दौरान जिले के दूरस्थ आदिवासी अंचल के ग्राम नारायणपुरा उपस्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर स्वास्थ्य विभाग की सेक्टर बैठक में शामिल हुए। बैठक में कलेक्टर श्री कोचर ने बीएमओ हटा डॉ. उमाशंकर पटेल और स्वास्थ्य अमले से आदिवासी अंचल में स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान गर्भवती महिलाओ का इलाज, उपचार, बच्चों के टीकाकरण आदि के विषय में चर्चा की गई। आशा सुपरवाइजर और आशा कार्यकर्ताओं और ए.एन.एम ने क्षेत्र में आने वाली कठिनाइयां से कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने आधार कार्ड, जन्मप्रमाण पत्र ,समग्र आई.डी आदि कार्यो में आने वाली दिक्कतों से अवगत कराया। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने शिविर लगाने के निर्देश दिए । बैठक में बीएमओ डॉ. उमाशंकर पटेल, बीपीएम विक्रम



सिंह, बीसीएम देवेंद्र ठाकुर, थाना प्रभारी रजपुरा सरदार सिंह, सरपंच जशवेंद्र यादव उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा यह दूरस्थ आदिवासी अंचल है, जिसमें कई प्रकार की समस्याएं हैं, सभी विषयों पर कार्य किया जा रहा हैं, यहॉ स्वास्थ्य क्षेत्र में अमला जो कार्य कर रहा वह प्रशंसनीय है। इस क्षेत्र में आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आई.डी आदि कार्यों की कमी है जिससे बच्चो के टीकाकरण और कई लोगों के शासकीय कार्य नहीं हो पाते हैं, ग्राम पंचायत के सहयोग से मंगलवार को यहां शिविर आयोजित किया जाएगा ताकि लोगों के आवश्यक कार्य पूर्ण हो सकें और समस्याएं हल हो सकें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों में एनीमिया के लक्षणों को देखते हुए तय किया है कि हर मंगलवार को स्कूलों में बच्चों को आयरन की गोली खिलाई जायेगी और मैं स्वयं भी खाऊंगा। बैठक में बताया गया इस क्षेत्र में गर्भवती महिलाओं को लाने ले-जाने में भी समस्याएं आती हैं इसके लिए एम्बुलेंस का सेंटर रजपुरा में बनाया जायेगा, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय रहते सेवाओं का लाभ मिल सके, क्योंकि हटा से रजपुरा तक एंबुलेंस आने में समय लग जाता है, इसके लिए जल्द ही राज्य सरकार से अनुरोध कर रजपुरा में एंबुलेंस सेंटर बनाने की व्यवस्था कराई जायेगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा इस क्षेत्र में स्वास्थ्य अमले की मेहनत के बदौलत मातृ-मृत्यु दर में कमी आई है, कठिन एरिया में कई लोगों की जाने बचाई है, इसके लिए हटा बीएमओ और उनकी टीम व पूरा स्वास्थ्य अमला बधाई के पात्र हैं।

### एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

कलेक्टर श्री कोचर ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नारायणपुरा उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में पौधरोपण भी किया गया। कलेक्टर श्री कोचर के भ्रमण के दौरान नारायणपुरा गांव के लोगों ने नारायणपुर से बनोली तक सड़क निर्माण की मांग की जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों से जानकारी लेकर जल्द निर्माण कार्य शुरू कराए जाने का आश्वासन



## जलभराव स्थलों का किया निरीक्षण

**दमोह।** गत दिवस से लगातार हुई बारिश के बाद कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर द्वारा दिए गए निर्देशों के तहत परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण कपिल खरे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेंद्र सिंह लोधी ने शहर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया। प्रमुख तौर पर सिविल वार्ड 6 सुभाष कॉलोनी नाला एवं मांगज वार्ड 4 मुश्कि बाबा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इसमें किसी भी जगह पर जल भराव की स्थिति नहीं देखी गई। मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेन्द्र सिंह लोधी ने कहा बारिश के पूर्व ही नगरपालिका द्वारा जल भराव की जगहों पर विशेष साफ-सफाई की गई थी, अतिक्रमण हटाया गया था। साथ ही नालों के बंदों को खोलने का कार्य भी किया गया था जिससे कि अभी स्थिति सामान्य हैं। उन्होंने कहा अगर कही जलभराव की खबर आती है तो नगर पालिका द्वारा आपदा दल गठित किया गया है जो कि त्वरित उस स्थान पर पहुंचकर कार्यवाही करेगा।

# बारिश से कम ऊंचाई की पड़री नाला एवं घुटकुआ की पुलिया डूबी, आवागमन बंद



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

क्षेत्र के पड़री नाला पर बनी कम ऊंचाई वाली पुलिया बारिश में - एक बार फिर लोगों को मुसीबत बन गई है। यही जबेरा जनपद के सैकड़ो गांव को रेलवे स्टेशन से जोड़ने वाले बनवार घरेरा मार्ग पर पड़ने घुटकुआं कम ऊंचाई के पुल का रहा जहां हल्की वारिश ने बाढ़ आने से आवागमन बाधित रहा क्षेत्रवासियों के लिए यह समस्या इस वारिश की नहीं है बल्कि हर वारिश में भुगतना पड़ती है उक्त समस्या को दूर करने के लिए क्षेत्रवासियों ने कई बार अधिकारी, जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर मांग की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

इससे जिम्मेदारों के प्रति क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है। दरअसल सगरा से सगोनी मार्ग, जबेरा, नोहटा एवं पटेरा तहसील के कई गांवों को जोड़ता है लेकिन सगरा एवं कुसमी के बीच मार्ग में पड़री नाला पड़ता है। जिस पर मात्र 4 फीट ऊंची पुलिया बनी हुई है जो हल्की बारिश में बाढ़ग्रस्त हो जाती है और आए दिन मार्ग बंद हो जाता है।बीते वर्ष अगस्त माह सुबह जबेरा में सीएम कार्यक्रम में शामिल होने दर्जनों गांव के लोग शामिल होने के लिए जबेरा गए थे लेकिन जब लौट कर आए तो पड़री नाला की पुलिया के ऊपर से करीब 20 फीट पानी बह रहा था। जिससे दर्जनों वाहन और सैकड़ों लोगों बाढ़ में फंस गए थे वावजूद पूरे एक वर्ष बीतने के बाद क्षेत्र की इस जटिल समस्या की और न तो स्थानीय विधायक उमा देवी खटीक का गया और न ही स्थानीय मंत्री ने इसकी कोई सुध ली गई और एक बार फिर शुक्रवार की रात्रि में हुई बारिश ने शनिवार की सुबह से पड़री नाला बाढ़ग्रस्त हो गया और देर शाम तक आवागम बंद रहा जिसके चलते स्कूली बच्चे रोड हाई स्कूल नहीं पहुंच पाए और मरीजों का भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रोड़ से संपर्क टूटा रहा बता दें यहां के बगलवारा, सलैया, कुसमी, रिछई, सगरा, पटेरिया सहित दर्जनों गांवों के ग्रामीणों को बारिश के मौसम अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह मार्ग जबेरा एवं पटेरा विधानसभाओं को जोड़ने वाला सीधा मार्ग है। पड़री नाला में आए उफान के चलते सगरा सागोनी मार्ग शनिवार की सुबह से शाम 5 बजे तक बंद रहा। जिसके चलते जाम की स्थिति बनी रही। वाहनों की दोनों तरफ कतार लग गई थी। इस दौरान स्कूली बच्चे, महिलाएं भी घंटों तक पानी कम होने का इंतजार करते रहे। शासन प्रशासन से क्षेत्र की जनता पड़री नाला पर पुल निर्माण की मांग करती आ रही है लेकिन इस ओर संबंधितों द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

यहां के गोविंद तिवारी जनपद सदस्य, सरपंच प्रतिनिधि हजारी यादव, गोलापट्टी सरपंच प्रतिनिधि बबलू यादव, सगरा सरपंच जिनेश कुमार जैन, रिछाईं सरपंच गौरव गोस्वामी, बगलवारा के राजेश लोधी, भोलू यादव ने जबेरा विधानसभा विधायक एवं राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी एवं हटा विधायक उमादेवी खटीक से पड़री नाला पर बनी 4 फीट ऊंची पुलिया की जगह पर पुल निर्माण की मांग की है।

# सड़क मरम्मत कार्य में लापरवाही,ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार

जबेरा जनपद की ग्राम पंचायत करनपुरा के ग्राम करौंदी से मुख्य मार्ग सुरई ग्राम तक पहुंचने के लिए करीब 1 किलोमीटर मार्ग में दलदल मचा हुआ है। ग्रामीणों को आवागमन में भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जबकि वित्तीय वर्ष 2023-2024 में ग्रामीण सड़क मरम्मत के लिए 307000 की राशि स्वीकृत है लेकिन एक वर्ष बीतने के बाद भी सड़क का मरम्मत कार्य जमीन स्तर पर प्रारंभ नहीं हुआ है।वावजूद इसके विभाग द्वारा मनरेगा पोर्टल पर 11-3-2024 को कार्य प्रारंभ दिखाया गया और मजदूरों के नाम पर एक सप्ताह की मजदूरी का भुगतान भी कर लिया गया। नतीजा सड़क मरम्मत का काम समय पर नहीं होने के कारण ग्रामीणों को परेशानी हो रही है राशि स्वीकृत होने के बाद भी काम शुरू नहीं होना और मनरेगा पोर्टल पर दिखाए गए कार्य की वास्तविकता ना होना गंभीर लापरवाही है और बारिश में ग्रामीणों को मुसीबत बन गई है जिसके चलते बरसात के मौसम में सड़क का रास्ता कच्चा और कीचड़ दलदल से भरा होने के कारण स्कूल आने जाने वाले बच्चों के वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं और स्कूली बच्चे परेशान हैं गर्भवती महिलाओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है क्योंकि जननी एंबुलेंस गांव तक सुविधापूर्वक नहीं पहुंच पा रही है 1 साल से काम ओंनगोइंग होने और 46410 रुपए की राशि खर्च होने के बाद भी बरसात के मौसम के पहले सड़क का मरम्मत कार्य क्यों नहीं करवाया गया और ग्रामीणों की सुविधा और आने जाने के रास्ते को सुगम बनाने के लिए शासन के द्वारा सड़क मरम्मत के लिए यह राशि स्वीकृत की गई थी। ग्रामीण यांत्रिकी विभाग एसडीओ शिवाजी गौंड का कहना मै दिखवाता हूं मरम्मत कार्य क्यों नहीं हुआ।

# भगवान भाव के भूखे होते हैं आडंबर दिखावा करने से भगवत प्राप्ति नहीं होती- पं रवि शास्त्री

**दमोह।** स्थानीय अथाई रोड आम चोपरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर में गुरु पूर्णिमा महा महोत्सव के अंतर्गत चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि भगवान भाव के भूखे होते हैं कर्मा बाई श्रीकृष्ण की परम भक्त थीं वह बचपन से ही श्री कृष्ण के बाल रूप की पूजा करती थी ठाकुर जी के बाल रूप से वह रोज ऐसे बातें करतीं जैसे ठाकुर जी उनके पुत्र हों और उनके घर में ही वास करते हों एक दिन कर्मा बाई की इच्छा हुई कि ठाकुर जी को फलमेवे की जगह अपने हाथ से कुछ बनाकर खिलाऊँ उन्होंने जगन्नाथ प्रभु को अपनी इच्छा बतलायी भगवान तो भक्तों के लिए सर्वथा प्रस्तुत हैं प्रभु जी बोले माँ जो भी बनाया हो वही खिला दो बहुत भूख लगी है कर्मा बाई ने खिचड़ी बनाई थी ठाकुर जी को खिचड़ी खाने को दे दी प्रभु बड़े चाव से खिचड़ी खाने लगे और कर्मा बाई ये सोचकर भगवान को पंखा झलने लगीं कि कहीं गर्म खिचड़ी से मेरे ठाकुर जी का मुँह ना जल जाये संसार को अपने मुख में समाने वाले भगवान को कर्मा बाई एक माता की तरह पंखा कर रही हैं और भगवान भक्त की भावना में भाव विभोर हो रहे हैं भक्त वत्सल भगवान ने कहा माँ मुझे तो खिचड़ी बहुत अच्छी लगी मेरे लिए आप रोज खिचड़ी ही पकाया करें मैं तो यही आकर खाऊँगा अब तो कर्मा बाई जी रोज सुबह उठतीं और सबसे पहले खिचड़ी बनातीं बाकी सब कुछ बाद में करती थी भगवान भी सुबह सवेरे दौड़े आते आते ही कहते माँ जल्दी से मेरी प्रिय खिचड़ी लाओ प्रतिदिन का यही क्रम बन गया। भगवान सुबह सुबह आते भोग लगाते और फिर चले जाते एक बार एक महात्मा कर्मा बाई के पास आया महात्मा ने उन्हें सुबह-सुबह खिचड़ी बनाते देखा तो नाराज होकर कहा माता जी आप यह क्या कर रही हो सबसे पहले नहा धोकर पूजा पाठ करनी चाहिए लेकिन आपको तो पेट की चिन्ता सताने लगती है कर्मा बाई बोलीं क्या करुँ महाराज जी संसार जिस भगवान की पूजाअर्चना कर रहा होता है वही सुबह सुबह भूखे आ जाते हैं। उनके लिए ही तो सब काम छोड़कर पहले खिचड़ी बनाती हूँ महात्मा ने सोचा कि शायद कर्मा बाई की बुद्धि फिर गई है यह तो ऐसे बोल रही है जैसे भगवान इसकी बनाई खिचड़ी के ही भूखे बैठे हुए हों महात्मा कर्मा बाई को समझाने लगे माता जी तुम भगवान को अशुद्ध कर रही हो सुबह स्नान के बाद पहले रसोई की सफाई करो फिर भगवान के लिए भोग बनाओ अगले दिन कर्मा बाई ने ऐसा ही किया जैसे ही सुबह हुई भगवान आये और बोले माँ मैं आ गया हूँ खिचड़ी लाओ कर्मा बाई ने कहा प्रभु अभी में स्नान कर रही हूँ थोड़ा रुको थोड़ी देर बाद भगवान ने फिर आवाज लगाई जल्दी करो माँ मेरे मन्दिर के पट खुल जायेंगे मुझे जाना है वह फिर बोलीं अभी मैं रसोई की सफाई कर रही हूँ प्रभु भगवान सोचने लगे कि आज माँ को क्या हो गया है ऐसा तो पहले कभी नहीं हुआ फिर जब कर्मा बाई ने खिचड़ी परोसी तब भगवान ने झटपट करके जल्दी जल्दी खिचड़ी खायी परंतु आज खिचड़ी में भी रोज वाले भाव का स्वाद भगवान को नहीं लगा था फिर जल्दी-जल्दी में भगवान बिना पानी पिये ही मंदिर में भागे भगवान ने बाहर महात्मा को देखा तो समझ गये अच्छा तो यह बात है मेरी माँ को यह पट्टी इसी ने पढ़ायी है अब यहाँ ठाकुर जी के मन्दिर के पुजारी ने जैसे ही मंदिर के पट खोले तो देखा भगवान के मुख पर खिचड़ी लगी हुई है पुजारी बोले प्रभु जी ये खिचड़ी आप के मुख पर कैसे लग गयी है भगवान ने कहा पुजारी जी मैं रोज मेरी कर्मा बाई के घर पर खिचड़ी खाकर आता हूँ आप माँ कर्मा बाई जी के घर जाओ और जो महात्मा उनके यहाँ ठहरे हुए हैं उनको समझाओ उसने मेरी माँ को गलत कैसी पट्टी पढाई है पुजारी ने महात्मा जी से जाकर सारी बात कही कि भगवान भाव के भूखे हैं यह सुनकर महात्मा जी घबराए और तुरन्त कर्मा बाई के पास जाकर कहा माता जी माफ़ करो ये नियम धर्म तो हम सन्तों के लिये हैं आप तो जैसे पहले खिचड़ी बनाती हो वैसे ही बनायें आपके भाव से ही ठाकुर जी खिचड़ी खाते रहेंगे। फिर एक दिन आया जब कर्मा बाई के प्राण छूट गए उस दिन पुजारी ने मंदिर के पट खोले तो देखा भगवान की आँखों में आँसू हैं और प्रभु रो रहे हैं पुजारी ने रोने का कारण पूछा तो भगवान बोले पुजारी जी आज मेरी माँ कर्मा बाई इस लोक को छोड़कर मेरे निज लोक को विदा हो गई है अब मुझे कौन खिचड़ी बनाकर खिलाएगा पुजारी ने कहा प्रभु जी आपको माँ की कमी महसूस नहीं होने देंगे आज के बाद आपको सबसे पहले खिचड़ी का भोग ही लगेगा इस तरह आज भी जगन्नाथ भगवान को खिचड़ी का भोग लगाया जाता है।

## छात्रा को नहीं बुलाया सम्मान समारोह में, छात्रा ने की शिकायत

**तेंदूखेड़ा।** शनिवार को अनुविभागीय अधिकारी तेंदूखेडा को कक्षा 12वीं में 83.6 प्रतिशत प्राप्त होने के बाद भी छात्रा हिमानी खटीक पिता त्रिलोक खटीक निवासी-वार्ड क. 8 को शुक्रवार को हुए उत्कृष्ट विद्यालय में सम्मान में न बुलाने के संबंध में एक शिकायती आवेदन सोपा गया है जिसमें छात्रा ने उल्लेख किया है कि आवेदिका/प्रार्थी ने कक्षा 12वीं की परीक्षा कलां संकाय से सी०एम० राईज शासकीय विद्यालय तेंदूखेडा जिला दमोह से उत्तीर्ण की है, जिसमें आवेदिका को 83.6 प्रतिशत प्राप्त हुये हैं। दिनांक 04 जुलाई 2025 को तेंदूखेडा में मेधावी छात्र/छात्राओं का विद्यालय द्वारा सम्मान समारोह रखा गया था, परंतु आवेदिका/प्रार्थी अनुसूचित जाति से होने से खटीक जाति की छात्रा होने से सम्मान समारोह में सम्मान प्रदाय नहीं किया गया, जिससे छात्रा काफी मानसिक रूप से परेशान है। सम्मान समारोह में विकाखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं कार्यक्रम का आयोजन करने वाले शिक्षकों द्वारा आवेदिका को प्रमाण पत्र एवं मेडल प्रदाय नहीं किया गया है, जबकि 75 प्रतिशत अंक प्रदाय करने वाले छात्र/छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदाय किये गये हैं। आवेदिका के साथ भेदभाव क्यों किया जा रहा है, जबकि सभी छात्र छात्राएं समान होते हैं।अतः श्रीमान जी से प्रार्थना है कि प्रार्थी / छात्रा का आवेदन स्वीकार कर संबंधित अधिकारी / कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करने की कृपा करें, जिससे भविष्य में किसी भी छात्र/छात्राओं के साथ कोई भेदभाव न हो सकें।

## मनगवां घाट और ग्राम छपरवाहा में सामुदायिक बैठक का आयोजन



**बनवार।** जबेरा ब्लॉक के ग्राम मनगवां घाट और छपरवाहा में महिला एवं बाल विकास विभाग, स्वास्थ्य विभाग तथा द अंतरा फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में पीएलए बैठकों के अंतर्गत सामुदायिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्वास्थ्य ओर पोषण जैसे अहम विषयों पर गांव की महिलाओं ओर पुरुषों ने मिलकर चर्चा की। कार्यक्रम के पूर्व सभी ग्रामवासियों ने बेहतर तैयारी की एवं सभी बैठक की सीख को साझा करने की जिम्मेदारी गांववासियों ने स्वयं संभाली। महिलाओं, किशोरियों ओर पुरुषों ने मिलकर बैठक को सफल बनाया और दिखाया कि गांव अब स्वास्थ्य संबंधी बदलावों के लिए खुद आगे आ रहा हे। सरपंच श्रीमती गीता रानी नन्हे भाई सिंह की उपस्थिति में हुई बैठक में किशोरी बालिकाओं ने एक प्रेरक नाटक भी प्रस्तुत किया, अंत में गांव ने मिलकर यह संकल्प लिया कि हर गर्भवती महिला ओर बच्चे तक सही जानकारी ओर सेवाएं पहुंचेगी। बैठक में पिछले सात महीनों के दौरान आयोजित पीएलए बैठकों की प्रमुख जानकारियों और सीख को साझा किया गया। विशेष रूप से ग्राम की महिलाओं ने स्वास्थ्य और पोषण से संबंधित अनुभवों को आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत किया, जो यह दर्शाता है कि गांव की महिलाएं अब बेहतर स्वास्थ्य और पोषण की दिशा में नेतृत्व कर रही हैं।इस अवसर पर आशा कार्यकर्ता, कुसुम ठाकुर सुमंत्रा लोधी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, रजनी लोधी रुकमणि सिंह ग्राम के गणमान्य नागरिक, सक्रिय सदस्य, शिक्षकगण, हरिदास अहिरवाल प्रेमलाल अहिरवाल जीवन लाल चक्रवर्ती उप सरपंच, सचिव राकेश सिंह और अंतरा फाउंडेशन के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन श्री मुल्लू सिंह लोधी एवं लक्ष्मी लोधी द्वारा किया गया। गांव मनगवां घाट और छपरवाहा की यह पहल निश्चित ही ‘हर माता स्वस्थ, हर बच्चा स्वस्थ’ के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।

# टाइगर रिजर्व में शिकारियों की घुसपैठ रोकने ऑपरेशन प्रारंभ

### शिकारियों से बचाव को सुरक्षा चाक-चौबंद, 35 वॉच टॉवर और 40 पेट्रोलिंग कैंप से 300 से अधिक वनकर्मी रख रहे शिकारियों पर अपनी नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

23 से 25 बाघों सहित अन्य जंगली जानवरों से आबाद वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में मानसून सीजन में 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पर्यटन के लिए बंद होने के बाद अब जंगल और वन्य प्राणियों सुरक्षा के लिए ऑपरेशन मानसून चलाया जा रहा है। जंगल के चप्पे-चप्पे पर विभाग के अधिकारी, कर्मचारी नजर बनाए हुए हैं। संवेदनशील इलाकों की निगरानी की जा रही है। चूंकि बारिश के कारण मार्ग जर्जर हो जाते हैं और जंगल में घनी झाड़ियां बढ़ जाती। दुर्गम स्थानों पर वाहनों से नहीं जाया जा सकता है। इस स्थिति में वन्य प्राणियों के शिकार, अवैध कटाई, अतिक्रमण और अवैध चराई की आशंका बढ़ जाती है। साथ ही शिकारियों का भी खतरा रहता है। इसलिए रिजर्व में वन्य प्राणियों और उनके आवास की सुरक्षा के लिए प्रबंधन के द्वारा ऑपरेशन मानसून 30 सितंबर तक



चलाया जाएगा। जिससे जंगल में बाहरी और शिकारियों की घुसपैठ को रोका जाएगा। बता दें कि टाइगर रिजर्व व नौरादेही अभ्यारण्य शुरू से ही शिकारियों व लकड़ी तस्करों के निशाने पर रहा है। अभ्यारण्य के भीतर इस तरह की गतिविधियां संचालित होने के मामले आए दिन सामने आ जाते हैं। बीते 7 सालों में बाघों का कुनबा लगातार बढ़ रहा है। साथ ही अन्य जानवरों की भी संख्या बढ़ गई है, इसलिए जंगली जानवरों की सुरक्षा के लिए और अधिक सख्ती कर दी गई है। पूरे स्टाफ को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रात में भी निगरानी की जा रही है300 से अधिक कर्मचारी जगह-जगह पर तैनात किए गए हैं। अभी तक यहां पर हाथी दल वाहन गश्ती सहित 165 अधिकारी कर्मचारी थे, अब इनकी संख्या 300 के आसपास हो गई है, लेकिन बारिश होने की वजह से ना हाथी दल जंगल के अंदर जा पा रहा है और ना ही वाहन जा पाते हैं और विजिबिलिटी भी कम हो जाती है, इसलिए कर्मचारियों की संख्या को बढ़ाया गया है।

### माफियाओं के सक्रिय होने की आशंका अधिक

बताया गया है कि मानसून में तीन माह के लिए पर्यटकों के लिए रिजर्व बंद होने के कारण माफियाओं की सक्रिय होने की आशंका अधिक होती है। इसलिए अब पूरे क्षेत्र में वनकर्मी पैदल गश्ती कर रहे हैं। जल्द ही दुर्गम व घने वन क्षेत्र में हाथी पर सवार होकर और ड्रोन के सहारे निगरानी शुरू की जाएगी। रिजर्व क्षेत्र में हर बीट में गश्ती जारी रहेगी दिन में पैदल व हाथी से गश्ती की जाएगी। इसके अलावा रात में भी अमला नजर रखेगा। सीसीटीवी कैमरों और ड्रोन से भी पर नजर रखी जाएगी। रिजर्व के चप्पे-चप्पे में नजर रखने के लिए अमले को जिम्मेदारियां दे दी गई है। हालांकि बीते सालों में रिजर्व में मानसून के दौरान शिकार के मामले सामने नहीं आए है, फिर भी रिजर्व प्रबंधन ने मानसून के दौरान कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। टाइगर रिजर्व के तहत आने वाले दमोह वनमंडल में फिलहाल 30-35 सुरक्षाकर्मी तैनात हैं और कुछ ट्रैप कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन इस क्षेत्र में वायरलेस स्टेशन जैसी सुविधाएं अब तक तैयार नहीं हो सकी हैं अधिकारी मानते हैं कि यहां सुरक्षा इंतजामों को और मजबूत किए जाने की जरूरत है।

### प्राकृतिक संपदा पर बुरी नजर

2339 वर्ग किमी क्षेत्र में फैले इस रिजर्व में 24 बाघों समेत 250 से अधिक जीव-जंतुओं की प्रजातियां, 90 से अधिक प्रकार के पेड़, 49 तरह की झाड़ियां, 30 प्रकार की घास और 15 तरह की बेल-लताएं पाई जाती हैं। यही वजह है कि इस जैव विविधता पर शिकारियों और घुसपैठियों की नजर बनी रहती है। खासतौर से जंगल से लगे हुए ग्रामीण हिस्सों पर नजर रखी जाएगी और ग्रामीण क्षेत्रों में डेरा जमा कर रहने वालों से पूछताछ की जाएगी। इस काम में सुरक्षा श्रमिकों के अलावा दन विभाग का अमला भी अहम भूमिका निभाएगा। डिप्टी डायरेक्टर एए अंसारी ने बताया कि नौरादेही वन मंडल में 40 पेट्रोलिंग कैंप तैयार किए गए हैं। आंतरिक इलाकों में कच्चे रास्तों से वाहनों की आवाजाही बंद हो जाती है। इस दौरान पेट्रोलिंग कैंप के कर्मचारी ही सुरक्षा संभालते हैं। गस्ती के लिए सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में पेट्रोलिंग कैंप 40 से 100 तक करने का लक्ष्य है।

### झापन को छोड़, सभी रेंजों में बाघों का मूवमेंट

रिजर्व में सुरक्षा को लेकर फिक और पुख्ता इंतजाम करने का एक बड़ा कारण बाघों का मूवमेंट है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में ज्यादातर बाघों का मूवमेंट झापन रेंज को छोड़कर टाइगर रिजर्व की बाकी सभी रेंजों में देखा गया है। खासकर बांधवगढ़ पिछले साल मार्च में लिया गया नया जोड़ा छोडा गया था, उसने अपनी टेरिटरी में भी इजाफा किया है वहीं बीते अप्रैल माह में छोड़ी गई बाघिन ने भी अपनी टेरिटरी भी बना ली है यही कारण है कि बरसात में बाघों की सुरक्षा को लेकर काफी व्यवस्थाएं की जा रही है।

### इनका कहना है

डीएफओ डॉ. एए अंसारी ने बताया कि मानसून के सीजन में वन्यजीवों के शिकार व विजिबिलिटी कम हो जाती है। झाड़ियां बढ़ जाती हैं। ऐसे में वन्य प्राणियों की सुरक्षा करना जरूरी होता है। इसीलिए गश्ती दल बढ़ाकर सतर्कता बरती जा रही है। रिजर्व में अगर अवैध गतिविधियां मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी हालांकि कुछ क्षेत्रों में इंतजाम और बेहतर किए जाने की जरूरत है।

### 650 से अधिक कैमरों से रिजर्व की निगरानी

वही वन्यजीवों की बढ़ी गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए टाइगर रिजर्व के भीतर 650 से अधिक ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी मदद से हर मूवमेंट की निगरानी की जा रही है। इसके अलावा क्षेत्र में 35 वॉच टॉवर, 40 पेट्रोलिंग कैंप और 300 से अधिक सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। गश्त के लिए टीमें दिन और रात ड्यूटी पर हैं संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा और चौकसी को विशेष रूप से बढ़ाया गया है टाइगर रिजर्व का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा नौरादेही क्षेत्र है, जहां सबसे अधिक सुरक्षा संसाधन लगाए गए हैं। यहां 35 वॉच टॉवर, 650 ट्रैप कैमरे, करीब 40 पेट्रोलिंग कैंप और एक हाथी कैंप के साथ 300 से अधिक सुरक्षाकर्मी लगातार निगरानी में जुटे हैं।

### लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर को गांव आने दिया था निमंत्रण, लेकिन क्षेत्र में भ्रमण कर वापस लौट गए कलेक्टर साहब

# सड़क निर्माण की मांग : बारिश में कलेक्टर की आस में एसडीएम के सामने सड़क पर घंटों बैठे रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

हटा मुख्यालय के नजदीक जनपद बटियागढ़ की ग्राम पंचायत रोसरा के टिकरिया गांव में आजादी के बाद से मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण जूझ रहे हैं। वर्षो बीत जाने के बाबजूद भी सड़क का निर्माण कार्य नही हो सका है जिसको लेकर विगत दिवस टिकरिया गांव के सैकड़ों लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर श्री सुधीर कोचर को गांव की वास्तविक स्थिति जानने के लिए पीले कर देकर गांव में आने का निमंत्रण दिया था जहां उन्होंने शनिवार को गांव में आने का आश्वासन भी दिया था जिससे समस्त गांव वाले गांव में स्कूल के पास एकत्रित हो गए और कलेक्टर के आने का बेसब्री से इंतजार करते रहे लेकिन कलेक्टर महोदय रजपुरा क्षेत्र का भ्रमण कर वापस निकल गए जिससे ग्रामीणों में काफी निराशा देखी गई। लेकिन जिला कलेक्टर के निर्देश पर पथरिया एसडीएम निकेत चौरसिया तहसीलदार योगेंद्र चौधरी सहित समस्त विभागों के अधिकारीयों ने गांव पहुंचकर



उपस्थित ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं को सुना। इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने अधिकारियों को बताया कि वह कीचड़ भरी सड़क से परेशान हैं। भारी बारिश में मुख्य सड़क से संपर्क टूट जाता है। गांव में एम्बुलेंस तक नही आ पाती जिससे उन्हें बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। वही वर्षो से वह सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं लेकिन सुनवाई नही हो रही है। समस्याओं को सुनकर एसडीएम निकेत चौरसिया ने ग्रामीणों को बताया प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत यह सड़क स्वीकृत है। बारिश के बाद सड़क का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा जो सड़क का हिस्सा गांव तक रह गया है उसे जिला खनिज मद से स्वीकृत किया गया है वह भी जल्द बनकर तैयार हो जाएगी। हाल ही में सड़क पर मुरमी करण का कार्य किया जाएगा जिससे सड़क के गड्ढे दुरुस्त हो जाए। लेकिन एसडीएम के इस आश्वासन के बाबजूद भी ग्रामीण नही माने मुलायम सिंह राजपूत शुभम शर्मा दीनदयाल पटेल ने बताया कि वह मंगलवार को जनसुनवाई में कलेक्टर के पास गए थे उन्होंने पीले चावल का निमंत्रण देकर गांव आने का निवेदन किया था। कलेक्टर ने उन्हें गाँव आने का भरोसा दिया था। वह कलेक्टर को अपनी समस्या धरातल पर बुलाकर दिखाना चाहते हैं। गांव के अंगद सिंह गुकल सिंह, मान सिंह परिहार बाली रजक, बूठा अहिरवार दशरथ ने बताया कि बिजली सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं को मोहताज हम लोगो ने पंचायत से लेकर शासन प्रशासन के अधिकारियों से मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की जा चुकी है। लेकिन जिम्मेदार सुद लेना नहीं चाह रहे हैं। इसी का नतीजा है कि वह अपनी समस्या कलेक्टर के अलावा किसी और को बताना नहीं चाहते। ग्रामीणों की मांग पर कोई सुनवाई नहीं होती। उन्होंने एसडीएम से गुजारिश की वह कलेक्टर को गांव बुलाए तभी वह आगे बातचीत करेंगे और प्रदर्शन जारी रखा। इसके उपरांत कुछ देर इंतजार के बाद एसडीएम ने उन्हें बताया बीती रात भारी बारिश के चलते जिले में कई समस्याए सामने आई हैं जिसे सुलझाने कलेक्टर प्रयास कर रहे हैं। वह गाँव नही आएंगे उन्होंने प्रतिनिधि मंडल के रूप में हम लोगों को गाँव भेजा है। इस बात से नाराज ग्रामीणों में आक्रोश बढ़ गया। और वह बारिश के बीच अधिकारियों की गाड़ी के सामने धरने पर बैठ गए आक्रोशित महिलाओं बच्चों समेत ग्रमीणो ने जमकर नारेबाजी की और कलेक्टर को गाँव बुलाने की मांग पर अड़ गए। करीब तीन घन्टे चले प्रदर्शन के बाद एसडीएम ने उन्हें फिर समझाईश दी कि वह आप की समस्याओं को लेकर ही गांव आए हैं हम आपकी समस्याओं का निराकरण करेंगे। जिस पर ग्रामीणों ने सहमति जताते हुए स्कूल के एक कक्ष में बैठकर अधिकारियों से चर्चा की वही बिजली पानी सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं की गुहार अधिकारियों से लगाई। मौके पर एसडीएम ने बटियागढ़ जनपद सीईओ से मुरम डलवाने निर्देशित किया। विधुत विभाग के ए ई से गांव में रखी डीपी सहित अन्य बिजली संबंधित समस्याओं को दुरुस्त करने की बात कही वही अक्टूबर माह से पक्की सड़क निर्माण करने का आश्वासन दिया जिस पर ग्रामीण मान गए और प्रदर्शन समाप्त क़िया। इस दौरान बड़ी संख्या में गाँव के महिलाओं बच्चों सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

## तार चोरी गिरोह पुलिस गिरफ्त में



**दमोह।** पथरिया पुलिस ने बिजली तार चोर गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। थाना पथरिया पर दिनांक 26.10.24 को फरियादी सतानंद यादव पिता स्व.श्री रामबहादुर उम्र 40 वर्ष निवासी बैशाली नगर दमोह ने अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी जिस पर थाना पथरिया में अप.क्र.544/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। इसी क्रम में अन्य तीन फरियादी सोनेलाल राय निवासी जबलपुर नाका दमोह 2.नवीन चौरसिया निवासी पुराना थाना दमोह 3.प्रमोद पटैल निवासी सागर नाका दमोह की रिपोर्ट पर थाना पथरिया में पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया था। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में नियुक्त टीम द्वारा लगातार प्रयास करने के बाद दिनांक 04.07.25 को आरोपी संतोष गौड़ पिता पप्पू गौड़ उम्र 27 साल निवासी गौर नगर मकरोनिया, पप्पू चढ़ार पिता गोवर्धन चढार उम्र 25 साल निवासी चन्द्रशेखर वार्ड माता मडिया रिपटा सागर, .गोविंद आदिवासी पिता बंटी आदिवासी उम्र 26 साल निवासी तिली सरकारी स्कूल के पास थाना मोतीनगर, अरमान उर्फ पुनीत कटारे पिता गनेश कटारे उम्र 28 साल निवासी पगारा थाना केन्ट सागर, संकल्प जैन पिता गोपीचंद जैन उम्र 33 साल निवासी चन्द्रशेखर वार्ड थाना मोतानगर जिला सागर, पुष्पेन्द्र पिता अमरसिंह साहू निवासी भूतेश्वर फाटक थाना मोतीनगर जिला सागर को गिरफ्तार किया गया हैं । उक्त चारो प्रकरणों मे आज आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर मान. न्यायालय पेश किया जा रहा हैं। पुलिस ने एल्यूमीनियम के तार, खंबे,एंगल एक आपे आटो कीमती करीबन कुल 08 लाख रूपये का मसरूका जब्त किया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी में निरी. सुधीर कुमार बैगी,सउनि बलविंदर सिंह,प्र.आर.संदीप कुशवाहा,प्र.आऱ. अनिल गौतम,प्र.आर. रविशंकर कटारे, सायवर सेल से प्र.आऱ. राकेश अठ्या प्र.आऱ. सौरभ टंडन आऱ. रोहित राजपूत आर. रामसींग .नवल यादव,संदीप कुर्मी,कपिल तिवारी, नवीन बैन, अमन बाल्मीकि , रविन्द्र पटैल, मनीष रोहित आर.चालक मोहन साहू का विशेष योगदान रहा ।

**खबर संक्षेप**

### जिले में 279.4 मिमी वर्षा दर्ज

**दमोह।** जिले में इस वर्ष 1 जून से अभी तक 279.4 मि.मी. अर्थात 11 इंच औसत वर्षा दर्ज हुई है, जो अभी तक गत वर्ष से 96 मि.मी. अर्थात 3.8 इंच अधिक है। इसी अवधि में गत वर्ष 183.4 मि.मी. अर्थात 7.2 इंच औसत वर्षा दर्ज की गई थी। इस वर्ष अभी तक जिले में सबसे ज्यादा वर्षा हटा में 370.1 मि.मी. दर्ज की गई है। भू-अभिलेख अधीक्षक ने बताया अभी तक जिले के दमोह वर्षामापी केन्द्र पर 320 मि.मी., हटा 370.1 मि.मी., जबेरा में 338 मि.मी. पथरिया 243 मि.मी., तेन्दूखेड़ा 222.8 मि.मी, बटियागढ़ 216 मि.मी. तथा पटेरा में 246 मि.मी., वर्षा दर्ज की गई है।दैनिक वर्षा के तहत जिले में 64.2 मि.मी. अर्थात 2.5 इंच वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटों के दौरान वर्षामापी केन्द्र दमोह में 93 मि.मी., हटा में 34 मि.मी., जबेरा में 112 मि.मी. पथरिया 64 मि.मी., तेंदूखेड़ा में 46.2 मि.मी., बटियागढ़ 31 मि.मी. तथा पटेरा में 69 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जिले की औसत वार्षिक औसत वर्षा 1246.6 मि.मी. है।

### पाँचवे दिन कोई नाम निर्देशन फॉर्म जमा नहीं

**दमोह।** मध्य प्रदेश राज्य निर्वाचन भोपाल द्वारा पंचायत उप निर्वाचन वर्ष 2025 (पूर्वार्द्ध हेतु) हेतु घोषित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत हटा के क्षेत्र क्रमांक 16 गैसाबाद के रिक्त पद हेतु नाम निर्देशन की प्रक्रिया के संबंध में रिटर्निंग अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया कि नामांकन के पाँचवे दिन कोई नाम निर्देशन फॉर्म जमा नहीं हुए।

### निकली जाएगी भव्य कांवड़ यात्रा

**दमोह।** श्रावण माह के पावन अवसर पर सकल असाटी समाज दमोह द्वारा भव्य कांवड़ यात्रा निकली जाएगी। जिसमें 20/07/2025 दिन रविवार सुबह 8 बजे से कावड़ यात्रा असाटी वार्ड नंबर एक संस्कार भवन से प्रारंभ होकर बकौली चोक, घंटाघर, अस्पताल चौराहा होते हुए कावड़ यात्रा का समापन जटाशंकर धाम दमोह में होगा। एवं भगवान भोलेनाथ का जल अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात प्रसाद वितरण अल्पाहार संयोजक देवेन्द्र असाटी वरिष्ठ समिति,सह संयोजक रूपेंद्र असाटी नवयुवक मंडल,सह संयोजक रचना प्रमोद असाटी महिला समिति दमोह द्वारा होगा। आप सभी से आग्रह है कि सभी सपरिवार कांवड़ यात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ अर्जित करें।

# तालाब के गहरीकरण मरम्मत का कार्य लापरवाही की भेंट चढ़ा

### मिट्टी निकालकर सीसी सड़क पर डालकर सड़क कर दी खराब, ग्रामीण परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेजगढ





जबेरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत तेंदुखेड़ाजनपद की ग्राम पंचायत पतलोनी के गुहा तालाब का एन जीओ संस्था द्वारा 31 मई 2025 से गहरीकरण मरम्मत का काम किया गया। ग्राम वासियों का कहना है कि यह कार्य सही तरीके से नहीं किया गया। कुछ कार्य जेसीबी मशीन के माध्यम से तालाब की मिट्टी निकाल कर तालाब की पार पर ट्रैक्टर ट्राली से डाली गई। जिस पार पर सीसी रास्ता था उस पर भी उबड़ खाबड मिट्टी डालकर काम बंद कर दिया गया। मिट्टी डालने के बाद सही से समतल नहीं किया जिससे कही ऊंची कही नीची होने से बरसात का पानी भर रहा है और कीचड़ मच रहा है। जिस रास्ते से मोटरसाइकिल और पैदल चलने वाले व्यक्ति भी परेशन है।

ग्राम वासियों ने कहा तलाब का जीर्णोद्धार तो नहीं किया ओर रास्ता बर्बाद कर दिया। गांव के पुराने लोगो ने तालाब का पुराना इतिहास बता कर कहा 20 वर्ष पूर्व ग्राम के व्यक्ति तलाब मै नहाते रहे और घर के उपयोग में पानी लेते रहे लेकिन पंचायत द्वारा तलाब की देखभाल ओर काम ना होने से यह दुर्दशा का शिकार हो गया। तालाब के आजू-बाजू अतिक्रमण और गंदगी होने से ग्राम वासियों ने कुछ वर्षों से तालाब का पानी उपयोग में लेना बंद कर दिया। इस वर्ष ग्राम वासियों को आशा की किरण जागी लेकिन जब तालाब का गहरीकरण, मरम्मत का काम एन जी ओ संस्था से चालु हुआ और ग्राम के व्यक्तियों ने हर्ष मनाया लेकिन काम देखा तो सबकी आशा धरी की धरी रह गई। काम अच्छा नहीं किया गया। जे सी वी मशीनों से तालाब के अंदर की मिट्टी जरा सी खोदकर ट्रैक्टर ट्रालियों से तालाब की पार पर डाल दी और काम एक-दो दिन में पूर्ण कर लीपापोती कर दी। कुछ घंटे जे सी वी मशीन चली और काम बंद कर दिया। तलाब की मेड पर डाली मिट्टी से रस्ता बरबाद हो गय। अब ग्राम वासी परेशानी है।

## अंर्तराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



**दमोह।** अंतर्राष्टीय सहकारी वर्ष 2025 अंतर्गत शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह में स्कूल की छात्राओं को सहकार से समृद्धि विषय पर सौरभ कोठिया सहायक आयुक्त सहकारिता के मुख्य आतिथ्य प्राचार्य डॉ. आलोक सोनवलकर की अध्यक्षता व संजय हजारी प्र0 महाप्रबंधक, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक व एम. के. राय, एपीसी (समग्र शिक्षा) के विशिष्ट अतिथ्य में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम स्थान निशा पटैल, राधिका लोधी द्वितीय स्थान- प्रतीक्षा यादव तृतीय स्थान- रेशमा कुर्मी, अंबिका लोधी, चतुर्थ कंचन रैकवार, निकिता गोड़, पंचम नम्रता अहिरवार, दिव्या जाटव ने प्राप्त करने पर पुरस्कार वितरण शील्ड वितरण किया गया। संचालन जिला सहकारी संघ के सीईओ संजीव दुबे ने किया। आभार शुभम सिंह फील्ड प्रभारी (को-आपरेटिव बैंक) ने माना। अतिथियों का पुष्पहार से स्वागत डी0पी0 सेन ने किया। कार्यकम में मुख्य अतिथि सौरभ कोठिया व संजीव दुबे ने सहकारी समितियों के इतिहास, गठन, कार्य प्रणाली व समाज में योगदान की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ में श्रीमति प्रियंका अठया, रेनू गुप्ता, नीतू ठाकुर, श्रद्धा डिम्हा, पूनम गौतम, अभिलाषा खरे, मंगलेश पांडे, हर्षा दवे (सांदीपनी स्कूल), बैंक से गोविंद नेमा, अशोक रैकवार, वीरू प्रजापति व गुलाब सिंह ठाकुर आदि की उपस्थिति रही।

## वसुंधरा नगर में हो रही सिद्धों की आराधना





**दमोह।** शहर के वसुधंरा नगर श्री 1008 आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अष्टान्हिका पर्व के अवसर पर सिद्धो की आराधना के लिये श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान से भक्तिमय माहौल बना हुआ है। प्रतिष्ठाचार्य डा पं आशीष जी जैन व उनकी टीम के निर्देशन में महापात्र व इन्द्र इन्द्राणी सहित सभी धर्मावलंबी धर्मलाभ लेने में जुटे है। पहले दिन आठ, दूसरे दिन 16, तीसरे दिवस शनिवार को 32 अर्घ्य चढाये गये। आज रविवार को 64 रिद्धी विधान के 64 अर्घ्य समर्पित किये जायेंगे। प्रति दिवस प्रातः से अभिषेक, शांति धारा, संगीतमय, पूजन एवं सिद्धचक्र विधान के अर्घ्य समर्पित किये गये। सुबह श्री जी की शांति करने का सौभाग्य रवि कुमार जैन अभाना एवं सुभाष बमोरिया परिवार को प्राप्त हुआ। संध्याकालीन बेला में महाआरती की जाती है जिसके पश्चात प्रतिष्ठाचार्य डा पं आशीष जी के प्रवचन होते है। महाआरती दिलीप जैन, सौरभ जैन भारिल्ल परिवार को प्राप्त हुआ विधान के प्रमुख पात्रों में सौधर्म इंद्र दुलीचंद श्रीमति सुषमा जैन, कुबेर इंद्र श्रीमति सुनीता विपिन जैन, श्रीपाल मैनासुंदरी श्रीमति रश्मि प्रशांत जैन, महायज्ञनायक श्रीमति नेहा नरेन्द्र बजाज, यज्ञ नायक श्रीमति मोना अतुल गांगरा, ईशान इन्द्र श्रीमति अनीता डीके जैन, सनत कुमार इन्द्र श्रीमति सीमा सुनील वेजेटेरियन, माहेन्द्र इन्द्र श्रीमति मनीषा मुकेश जैन, ब्रम्हेन्द्र श्रीमति नेहा प्रकाश जैन वसुंधरा, ब्रम्होत्तर इन्द्र श्रीमति वंदना आशीष जैन, लान्तव इन्द्र श्रीमति अनीता रमेश जैन हरई, कापिष्ठ इन्द्र श्रीमति मंजूषा संतोष जैन कुड़ई, शुक्र इन्द्र श्रीमति सुजाता डॉ सतीश सिंघई, महाशुक्र इंद्र श्रीमति निर्मला विजय जैन अभाना के साथ ही अन्य सामान्य इंद्र इंद्राणी बड़ी संख्या में विधान में शामिल होकर भक्ति भाव से सिद्धो की आराधना कर रहे है।

# सिग्रामपुर पुलिस चौकी के नवीन भवन का राज्यमंत्री ने किया उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिग्रामपुर

जबेरा थाना की सिग्रामपुर चौकी नवीन भवन में शुभारंभ हो गया है, जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक एवं संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी और पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया, एसडीओपी देवी सिंह और थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान नोहटा थाना प्रभारी अभिषेक पटेल भी उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि पुलिस चौकी में सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से पुलिस बेहतर ढंग से कार्य संपादन कर सकेगी।- पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने कहा कि नए भवन से पुलिस को कार्य संपादन में सुविधा होगी और नागरिकों को बेहतर सेवाएं मिलेंगी। मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने आगामी समय में सिग्रामपुर पुलिस चौकी को थाने में परिवर्तित करने की बात कही, जिससे कानून व्यवस्था और सुरक्षा को और मजबूत किया जा सके।- नवीन चौकी भवन निर्माण का उद्देश्य कानून व्यवस्था को सुगम और सुरक्षा को सुदृढ़ करना है।- सिग्रामपुर पुलिस चौकी के नवीन भवन के उद्घाटन से पुलिस विभाग को नए संसाधन और सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे बेहतर ढंग से कार्य कर सकेंगे और नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान कर सकेंगे। इस अवसर पर ,जबेरा मंडल अध्यक्ष बंटी दुबे,नोहटा मंडल अध्यक्ष सत्यपाल सिंह,बनवार मंडल अध्यक्ष रिंकू जैन सहित पुलिस प्रशासन व जनप्रतिनिधि जनों की उपस्थिति रही।

### बीज मिनीकिट का वितरण

**दमोह।** कृषि विभाग द्वारा विधायक एवं पूर्व वित्त मंत्री श्री जयंत कुमार मलैया द्वारा ग्राम जमुनिया एवं ग्राम मनका में 500 से अधिक कृषकों को बीज मिनीकिट का वितरण किया गया। इस अवसर पर राजकुमार जैन, अखिलेश हजारी, सरपंच अजय सिंह लोधी, कृषि विभाग के अनुविभागीय कृषि अधिकारी एल.एल. कुर्मी, सहायक संचालक कृषि जे.एल. प्रजापति, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आर.के.जैन, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक आत्मा शैलेंद्र पौराणिक एवं कृषि विभाग के कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

## चोरों के हौसले बुलंद, दिनदहाड़े दे रहे घटना को अंजाम



**जबेरा।** जबेरा नगर में इन दोनों चोरों के हौसले बुलंद है जो बेखौफ होकर दिनदहाड़े घटना को अंजाम दे रहे हैं। ऐसा ही एक मामला विगत दोनों सामने आया है जहां एक युवक की दिनदहाड़े अज्ञात चोरों द्वारा मेंन रोड से बाइक पार कर घटना को अंजाम दिया गया जिसकी रिपोर्ट युवक द्वारा जबेरा थाना में की गई है। जबेरा थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया निवासी युवक अखलेश राय पिता तुलाराम राय ने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूं जो दिनांक 29 जून 2025 को अपने गांव से काले कलर की स्पेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 34 जेड सी 6277 से जबेरा आया था। जो जबेरा में मनीष जैन की दुकान के सामने समय करीब 3:30 बजे खड़ी करके मैं बाजू में लालू जैन की दुकान पर सामान लेने चला गया था। जब सामान लेकर थोड़ी देर बाद लौटा तो मेरी गाड़ी वहां पर नहीं मिली जो अज्ञात व्यक्ति द्वारा चुराया ली गई थी। आवेदक ने बताया कि जिसकी मैंने सीसीटीवी फुटेज निकलवाई तो अज्ञात चोर बाइक ले जाते हुए नजर आ रहा है। आवेदक अखलेश राय ने बताया कि घटना के एक सप्ताह बाद भी अज्ञात बाइक चोर का कोई सुराग नहीं मिला है जिससे मैं बहुत परेशान हूं।

## अनोखी अंदाज में हुई चौकी प्रभारी की विदाई

**सिंग्रामपुर।** जबेरा थाना की सिग्रामपुर चौकी से स्थानांतरित चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढे का अनोखे अंदाज में नवीन चौकी भवन में विदाई समारोह आयोजित किया गया जिसमें संस्कृति एवं पर्यटन राज्य मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भाग लिया इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ती सोमवंशी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया एसडीओपी देवी सिंह थाना प्रभारी विकास सिंह चौहान के साथ-साथ पुलिस स्टॉप क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि ग्रामीणों की उपस्तिथि रही स्थानांतरित चौकी प्रभारी आलोक तिरपुढे को मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने भवभीनी विदाई दी करीब दो वर्ष तक सिग्रामपुर में रहते हुए उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया पुलिस अधीक्षक श्रुत कीर्ति सोमवंशी ने स्थानांतरित चौकी प्रभारी की कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त बनाए रखने एवं जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की कार्यशैली की सराहना की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुजीत भदोरिया ने कहा चौकी प्रभारी ने समाज की सुरक्षा और सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए अपने कर्तव्यों का पालन पूरी तत्परता से किया है विदाई सह सम्मान समारोह में उपस्तिथ जनों का जबेरा थाना प्रभारी विकास



सिंह चौहान ने आभार व्यक्त किया मंत्री की उपस्थिति ने समारोह को खास बनाया और अनोखी अंदाज में चौकी प्रभारी को विदाई दी गई जिसमें पुलिस परिवार के साथ ग्रामीणों की बड़ी संख्या में उपस्थित रही।